# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में रेल ओवरब्रिज और फ्लाईओवर का किया लोकार्पण : कहा– डबल इंजन की सरकार में नौजवानों को मिल रहे हैं रोजगार के नए अवसर।
2. दावोस में हुए 56वें विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन में प्रदेश सरकार ने किए 3 लाख करोड़ रूपये के करार : वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा– बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी कर रही है निवेशकों को आकर्षित।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कार्यशाला का किया शुभारंभ : राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति समेत करीब 290 शिक्षाविद ले रहे हैं हिस्सा।

और

4. राज्य के पश्चिमी जनपदों में ओले और बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में बारिश का जताया अनुमान।

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में रेल ओवर ब्रिज और फोर लेन मार्ग पर फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर समेत पूर्वांचल में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण और बेहतरीन कनेक्टिविटी के चलते प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश की बदलती तस्वीर के कारण नौजवानों को रोज़गार के नए अवसर मिल रहे हैं। बाइट....

*यह डबल इंजन सरकार ने नौजवानों को सरकारी नौकरी भी दी है और निवेश का बेहतरीन वातावरण बनाकर के प्रदेश में निवेश की एक नई बहार बहाई है। निवेश आता तब है जब स्केल को स्केलिंग में बदल करके नौजवानों को उन्हीं के गांव में उन्हीं के जनपद में उन्हीं के क्षेत्र में उन्हीं के प्रदेश में नौकरी की सुविधा प्राप्त होती है और हम कह सकते हैं उत्तर प्रदेश में आया हुआ 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के अंदर डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी का दस्तावेज है।*

———————

स्विट्ज़रलैंड के दावोस में सम्पन्न हुए 56वें विश्व आर्थिक मंच वार्षिक सम्मेलन में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने 119 रणनीतिक बैठकों में हिस्सा लिया। लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में श्री खन्ना ने बताया कि इन बैठकों में प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी कम्पनियों के साथ 3 लाख करोड़ के 31 करार किए हैं।

उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में उत्तर प्रदेश को लेकर लोगों का दृष्टिकोण सकारात्मक है। यहां की कनेक्टिविटी, सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षित माहौल के चलते निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। बाइट....

*तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए और उसमें सबसे बड़ा एमओयू जो हुआ है वो एएम ग्रीन का है। नीदरलैंड की कंपनी है, जिसने एआई बेस्ड वन गीगावाट डाटा सेंटर का एक एमओयू किया है। यह लगभग दो करोड़ सात लाख का है, तो यह उत्तर प्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।*

श्री खन्ना ने बताया कि जिन क्षेत्रों में समझौते किए गए उनमें मुख्य रूप से डेटा सेंटर, रिन्युवेबल एनर्जी, सोलर एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्युटिकल आदि शामिल हैं।

————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आज से  दो दिवसीय ए.आई मंथन कार्यशाला शुरू हुई। इस कार्यशाला का विषय ‘उच्च और तकनीकी शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौतियां और अवसर’ है। इस कार्यशाला में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव समेत करीब 290 शिक्षाविद सम्मिलित हो रहे हैं। इस अवसर पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति विनय कुमार पाठक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई का उपयोग कर शिक्षण को कई गुना बेहतर बनाया जा सकता है। बाइट....

*तो आज जो अपॉर्चुनिटीज है हम लोग के सामने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर तो इस पर यह एआई मंथन है। तो पहला तो हर बच्चे को अब हम इस टेक्नोलॉजी से उसके हिसाब से हम लोग बहुत सारे प्रोफेसर बात करते रहते कि लर्निंग ऑन इट्स ओन पेस तो आज हमारे पास अपॉर्चुनिटी है कि हम हर बच्चे को उसके हिसाब से पढ़ा सकते हैं। उसके हिसाब से उसका चौट बोट बना सकते हैं। उसके हिसाब से उसको ट्यूटर बना सकते हैं।*

इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों के एआई स्टार्टअप्स का अवलोकन किया।

——————————

संसद के बजट सत्र से पहले नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में आज सर्वदलीय बैठक हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सूचना प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन शामिल हुए। बजट सत्र कल से शुरू होकर दो अप्रैल तक चलेगा।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

**पद्म पुरस्कार 2026 से सम्मानित होने वाली विभूतियों में प्रदेश के 11 लोग शामिल हैं। इनमें एन. राजम को पद्म विभूषण सम्मान जबकि अन्य 10 को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। लखनऊ के प्रसिद्ध रंगकर्मी , वैज्ञानिक और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी को कला और अभिनय के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्मश्रो से सम्मानित किया जायेगा। श्री रस्तोगी ने कहा कि पद्म पुरस्कार के लिये चुना जाना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। बाइट....**

*यह पद अवार्ड जो है, जाहिर है कि जो मिला है अगर मुझे तो मैं तो इसको बड़ा सम्मान मानता हूं और इसका क्रेडिट मैं देता हूं अपने कलाकारों को जिनके साथ मैंने काम किया है, अपने गुरुओं को जिनसे मैंने सीखा है और सबसे बड़ा क्रेडिट है मेरी सीडीआरआई को क्योंकि सीडीआरआई में रह कर के मैंने साइंस और थिएटर ऑलमोस्ट मैंने पैरेलल किया है दोनों तो अगर मैं सीडीआरआई में नहीं होता तो शायद मैं आज ना थिएटर कर रहा होता, ना फिल्में कर रहा होता, ना सीरियल कर रहा होता।*

**गौतमबुद्ध नगर के पैरालंपियन प्रवीण कुमार को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार के लिय़ा चुना गया है। 2024 पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है। बाइट...**

*मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और सबसे अच्छी बात तो यह है कि मेरे आस–पास के लोग मेरी फैमिली और मेरे कोच सब बहुत खुश हैं, जो हमने 2 साल पहले सपना देखा था, वह आज पूरा हुआ है और मैं बहुत ज्यादा खुश हूं।*

उधर पद्म भूषण सम्मान के लिए चयनित महाराष्ट्र के पूर्वराज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में रामलला का दर्शन–पूजन किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला के मंदिर का निर्माण देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक ह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पद्म पुरस्कारों के लिए चयनित प्रदेश की विभूतियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि अपने कार्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाली उत्तर प्रदेश की विभूतियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने यह सिद्ध किया है कि सामाजिक दायित्वों का सजगता से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में प्रभावी सहयोग दिया जा सकता है।

———————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान दावे और आपत्तियों का निस्तारण, नोटिस जारी किये जाने और इस पर हो रही सुनवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकती है। 27 फरवरी

तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। जबकि 6 मार्च, 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से एसआईआर के कार्य में पूर्ण सहयोग करने और अपने बूथ लेवल एजेन्ट के माध्यम से अधिक से अधिक फार्म–6 भरवाये जाने के लिए भी आह्वान किया।

——————————

नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिकी और केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक वागीश तिवारी ने आज कासगंज में आकांक्षात्मक विकासखंड अमांपुर और गंजडुंडवारा के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। केंद्रीय प्रभारी ने स्वास्थ्य विभाग और महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग को अपने विभागीय इंडिकेटर्स पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

——————————

पीलीभोत, शामली समेत प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आज तेज़ हवा के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं अमरोहा और गाजियाबाद में बारिश के साथ ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कही कहीं बारिश का अनुमान जताया है।

——————————